निविदा सूचना

केमाशिबो द्वारा दो बोली प्रणाली में व्यावसायिक तौर पर सक्षम एवं अनुभवी फ़र्मों/ संगठनों से, बोर्ड की आवश्यकता के अनुसार पूर्व परिभाषित खोज मानकों के साथ एक विशिष्ट रूप से निर्मित दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली (द.प्र.प्र.) के माध्यम से अभिगम्य लगभग 25 लाख पृष्ठों वाले अभिलेखों की स्कैनिंग, डिजिटलीकरण तथा डिजिटल परिरक्षण हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इस द.प्र.प्र. में केमाशिबो के VB.NET में विकसित विद्यमान ई-संबद्धता सॉफ्टवेयर में निरंतरतायुक्त समाकलन की विशेषताएँ होनी चाहिए।

तकनीकी व वित्तीय बोली दो अलग लिफाफों में रखी जाएं तथा ये दोनों लिफाफे एक अन्य बड़े लिफाफे में रखे जाएं जो विधिवत रूप से मुहरबंद हो व जिस पर "अभिलेखों की अपलोडिंग सहित स्कैनिंग, डिजिटलीकरण तथा डिजिटल परिरक्षण हेतु **निविदा**" लिखा हो तथा यह सचिव, सीबीएसई, शिक्षा-केन्द्र, 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत-विहार, दिल्ली-110092 को संबोधित हो। निविदा फार्म केमाशिबो वेबसाइट www.cbse.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है जिसके लिए सचिव, सीबीएसई के नामे दिल्ली मे देय रु.1000/- का बैंक ड्राफ्ट संलग्न किया जाए अथवा इलेक्ट्रोनिक फंड अंतरण (खाता सं. 91471010000016, आईएफएसई कोड SYNB0009147, सिंडिकेट बैंक, प्रीत विहार शाखा, नई दिल्ली) किया जाए व इसकी पावती की छायाप्रति निविदा जमा करने से पूर्व इसके साथ संलग्न की जाए। निविदाकर्ताओं द्वारा यथाविधि हस्ताक्षरित निबंधन एवं शर्तें तथा धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क सहित सभी प्रकार से पूर्ण फार्म ***दिनांक 22.12.2016*** **को अपराह्न 2.30 बजे तक या इससे पूर्व** केमाशिबो भवन के भू-तल पर रखी निविदा पेटी में डाला जाए अथवा स्पीडपोस्ट द्वारा भेजा जाए।

सचिव, केमाशिबो के पास किसी भी निविदा को या सभी निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

अधिक विवरण के लिए सीपीपी पोर्टल अथवा केमाशिबो वेबसाइट www.cbse.nic.in के 'निविदा' लिंक पर जाएं।

ह/अ
उप सचिव (प्रशा एवं विधि)